मौसम अपडेट

अधिकतम	न्यूनतम
34.0	28.0

सूर्योदय कल : 06:09
सूर्यास्त आज : 06:37

समर्थ संवाद

www.samarthsamvad.com | www//facebook.com/samarthsamvad | @samarth_samvad | @samarthsamvad

● वर्ष : 1 ● अंक : 14 ● जालंधर, मंगलवार, 13 सितंबर, 2021

P-4 कृति सेनन ने खरीदी मर्सिडीज....

महिला प्रदर्शनकारी को जेंट्स पुलिस वालों के रोकने से भड़का विवाद

बीजेपी के कार्यक्रम का विरोध करने पहुंचे किसान; किसानों की पुलिस से धक्कामुक्की

समर्थ संवाद, जालंधर। जालंधर में रविवार को बीजेपी के कार्यक्रम को लेकर किसानों व पुलिस के बीच जबरदस्त धक्कामुक्की हो गई। किसानों ने पुलिस के बैरिकेड तोड़कर समागम स्थल पर पहुंचने की कोशिश की। जिसको लेकर माहौल काफी तनावपूर्ण बन गया। कुछ किसान बैरिकेड को हटाकर अंदर जाने में कामयाब रहे लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस ने किसानों को समागम की जगह से पहले ही रोक लिया। जिसके बाद किसानों ने वहीं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

बीजेपी की तरफ से यहां शीतला माता मंदिर स्थित

आफिस में प्रदेश प्रवक्ता क स्वागत का समारोह रखा गया था। इस दौरान पुलिस की बड़ी लापरवाही भी सामने आई। एक महिला प्रदर्शनकारी बैरिकेड से आगे बढ़ी तो जेंट्स पुलिस वालों ने उन्हें पीछे धकेलना शुरू कर दिया। पूरे मामले का पता होने के बावजूद मौके पर पहले लेडीज पुलिस नहीं बुलाई गई। इसके बाद जब मीडिया ने इसकी कवरेज शुरू की तो अधिकारी यह कहते हुए भड़कने लगे कि वह नेगेटिव चीजों को न उठाएं। इससे किसानों में भी गुस्सा फैल गया। जिसके बाद अफसरों ने गलती मानी और तुरंत लेडीज फोर्स बुलाई गई।

भाजपा से सिर्फ सवाल करने थे लेकिन पुलिस ने रोक लिया

उन्होंने कहा कि हम सिर्फ यहां सवाल करने आए थे न कि किसी से मारपीट या कोई दूसरी तरह का विरोध नहीं करना था। उन्होंने कहा कि हमारी भाजपा नेताओं से कोई निजी रंजिश नहीं है लेकिन वो हमें जवाब दें कि किसानों पर यह कानून क्यों थोपा जा रहा है।

भाजपा के कार्यक्रम का होगा विरोध, गांवों में नहीं घुसने देंगे : अमरजोत जंडियाला

किसान नेता अमरजोत सिंह जंडियाला ने कहा कि भाजपा की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने काले कृषि कानून बनाए हैं। इसके खिलाफ करीब एक साल से दिल्ली के सिंघु व टिकरी बॉर्डर पर आंदोलन चल रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा की कॉल के मुताबिक हम भाजपा का घेराव कर रहे हैं। भाजपा को पंजाब के गांवों में भी नहीं घुसने दिया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

दुःखद! कमिश्नरेट जालंधर के एसीपी कंवलजीत सिंह का हार्टअटैक से हुआ निधन

समर्थ संवाद, जालंधर। कमिश्नरेट जालंधर से दुःखभरी खबर मिली है। कमिश्नरेट में तैनात एसीपी इनवेस्टिगेशन कंवलजीत सिंह (55) का निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि उन्हें अचानक हार्ट अटैक आया,

जिससे उन्हें अस्पताल दाखिल करवाया गया। हालत बिगड़ने पर उन्हें मोहाली के एक निजी अस्पताल भेज दिया गया, जहां उनका निधन हो गया। एसीपी कंवलजीत सिंह मूलरूप से राजपुरा के रहने वाले थे। एडीसीपी क्राइम हरप्रीत सिंह बैनीपाल ने एसीपी कंवलजीत के निधन की पुष्टि की है। उनके निधन पर पुलिस कमिश्नर सुखचैन सिंह गिल समेत तमाम पुलिस अधिकारियों ने दुख प्रकट किया है।

बेल रिजेक्ट करते हुए जज बोले- किसी की जाति एक समान तो उसे वारिस नहीं कह सकते, जमानत दी तो पंजाब का माहौल खराब हो सकता है

समर्थ संवाद, जालंधर। पंजाबी गायक गुरदास मान की विवादित टिप्पणी के मामले में जालंधर सेशन कोर्ट का फैसला सामने आ गया है। सेशन कोर्ट ने गुरदास मान की अग्रिम जमानत खारिज कर दी थी। इसमें कोर्ट ने कहा है कि अगर किसी की जाति एक समान है तो उसे किसी का वारिस नहीं कहा जा सकता। गुरदास मान ने डेरा बाबा मुराद शाह नकोदर मेले में डेरे के गद्दीनशीन रहे साईं लाडी शाह को सिख गुरु अमरदास जी का वंश बता दिया था। जिसके बाद सिख संगठनों ने इसका विरोध करते हुए नेशनल हाइवे जाम कर दिया। फिर पुलिस ने मान के खिलाफ थाना नकोदर में धार्मिक भावनाएं आहत करने का केस दर्ज कर दिया। इस मामले में सेशन कोर्ट ने यह भी कहा है कि गुरदास मान ने अपने कहे पर माफी मांगी है। इससे साफ है कि उन्होंने ऐसी टिप्पणी की है। मान ने अपनी टिप्पणी का विरोध होने के बाद वीडियो जारी कर माफी मांग ली थी। जो भी अदालत में अग्रिम जमानत की सुनवाई के दौरान उनके खिलाफ गया। फैसला देते हुए सेशन कोर्ट ने गुरदास मान की तरफ से की गई विवादित टिप्पणी को बहुत गंभीर बताया। कोर्ट ने गुरदास मान का वीडियो भी देखा, जिसमें साईं लाडी शाह को गुरु अमरदास जी का वंश बताया गया। मान ने कहा था कि साईं लाडी शाह व सिखों के तीसरे गुरु श्री गुरु अमरदास जी भल्ला गोत्र से हैं, इसलिए वो उनके वंश हैं। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई भल्ला जाति से है तो यह नहीं कहा जा सकता कि वो श्री गुरु अमरदास जी महाराज का वारिस है। सबकी अपनी अलग पहचान है। मान के वकीलों ने कहा था कि उन्होंने जानबूझकर किसी मंशा से ऐसा नहीं कहा, लेकिन कोर्ट ने कहा कि केस की इस स्टेज पर इसके बारे में फैसला नहीं किया जा सकता।

भारतीय किसान यूनियन के प्रधान जोगिंद्र सिंह उगराहां ने कहा उनकी तरफ से सिर्फ भाजपा का ही विरोध किया जाएगा

समर्थ संवाद, जालंधर/सिरसा : भारतीय किसान यूनियन के प्रधान जोगिन्द्र सिंह उगराहां का 32 किसान जत्थेबंदियों से अलग बयान सामने आया है। जोगिंद्र सिंह उगराहां ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि उनकी तरफ से सिर्फ भाजपा का ही विरोध किया जाएगा। अन्य किसी भी राजनीतिक पार्टी का कोई विरोध नहीं होगा। उन्होंने खुद को 32 किसान जत्थेबंदियों से अलग बताया।

एक टी.वी. चैनल पर बातचीत करते हुए जोगिन्द्र सिंह उगराहां ने कहा कि हम स्पष्ट कर चुके हैं कि हम भाजपा के अलावा किसी अन्य को नहीं घेरना चाहते। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार पर रोक लगाने का फैसला संयुक्त किसान मोर्चों का है, हमें उस पर कोई टिप्पणी नहीं करनी है।

उन्होंने कहा कि हमने 32 किसान जत्थेबंदियों के साथ आज तक कोई भी मीटिंग नहीं की है। उन्होंने कहा कि ये जत्थेबंदियां हमसें अलग हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें भी अपना पक्ष रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि अब हमने भी अपना फैसला सुना दिया है। उन्होंने कहा कि हम किसी अन्य राजनीतिक पार्टी को साथ जोड़ने की बात नहीं कर रहे, हमें सिर्फ भाजपा का ही विरोध करना है।

पाकिस्तान को झटका: तालिबान ने आपसी कारोबार के लिए पाकिस्तानी रुपए के इस्तेमाल से इनकार किया

समर्थ संवाद, काबुल।
अफगानिस्तान में तालिबान हुकूमत आने के बाद पाकिस्तान सरकार हर मुद्दे पर उसका मार्गदर्शक बनने की कोशिश कर रही है। लेकिन, तालिबान उसको हर मुद्दे पर झटके दे रहे हैं। एयरपोर्ट, सिक्योरिटी के बाद अब बाइलेट्रल ट्रेड यानी आपसी कारोबार के मुद्दे पर भी तालिबान ने पाकिस्तान का ऑफर ठुकरा दिया है। पाकिस्तान की इमरान सरकार ने कहा था कि वो अफगानिस्तान से पाकिस्तानी रुपए में ट्रेड करने के लिए तैयार है। तालिबान ने इससे इनकार करते हुए कहा है कि वो अपने हितों को देखते हुए फैसले लेंगे, क्योंकि ये उनके लिए सम्मान का प्रश्न भी है।

बात कहां से शुरू हुई

पिछले दिनों पाकिस्तान के वित्त मंत्री शौकत तरीन ने संसद में और इसके बाहर कहा था कि वो अफगानिस्तान की नई हुकूमत के साथ मजबूत कारोबारी रिश्ते चाहते हैं और इसके लिए पाकिस्तान की करंसी को इस्तेमाल करना चाहते हैं। तरीन ने ये भी कहा था कि दोनों देश इस करंसी का इस्तेमाल आर्थिक हालात सुधारने के लिए कर सकते हैं। तालिबान ने तीन दिन चुप रहने के बाद इसका जवाब दिया। तालिबान नेता और अहमदउल्ला वासिक ने न्यूज एजेंसी से कहा- हम साफ कर देना चाहते हैं कि आपसी कारोबार तो हमारी मुद्रा यानी अफगानीस में ही होगा। करंसी को नहीं बदला जाएगा। हम अपनी पहचान का महत्व समझते हैं और इसे बनाए रखेंगे। इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

गुजरात के नए मुख्यमंत्री होंगे भूपेंद्र पटेल

समर्थ संवाद, गुजरात। गुजरात में शनिवार से चल रही सियासी अटकलों पर आखिरकार विराम लग गया है। गुजरात की सत्ता अब भूपेंद्र पटेल संभालेंगे। भूपेंद्र पटेल गुजरात के नए मुख्यमंत्री चुने गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने भाजपा की विधायक दल की बैठक में भूपेंद्र पटेल के नाम का प्रस्ताव रखा।

विधायक दल की बैठक में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और पार्टी महासचिव तरुण चुघ को बतौर पर्यवेक्षक भेजा गया था। गुजरात में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। बता दें कि शनिवार को

भाजपा की विधायक दल की बैठक में लिया गया फैसला

जैसे ही विजय रूपाणी ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे का ऐलान किया, तभी से मुख्यमंत्री पद की रेस में कई नामों पर चर्चा होने लग गई। डिप्टी सीएम नितिन पटेल, केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया, पुरुषोत्तम रुपाला और आर.सी पाटिल का नाम काफी चर्चा में था।

आतंकी ने श्रीनगर के बाजार में सरेआम सब इंस्पेक्टर को 2 गोली मारीं; पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया

समर्थ संवाद, श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में रविवार को एक आतंकी ने पुलिसकर्मी को बीच बाजार गोली मार दी। पुराने श्रीनगर के खानवार इलाके में हुई इस आतंकी घटना में पुलिसकर्मी अर्शीद अहमद मीर की मौत हो गई। घटना उऊळश कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

आतंकियों ने रविवार दोपहर 1.35 बजे अर्शीद को तब गोली मारी, जब वे खानयार बाजार से गुजर रहे थे। आतंकियों ने रविवार दोपहर 1.35 बजे अर्शीद को तब गोली मारी, जब ये खानयार बाजार से गुजर रहे थे। कश्मीर के कुपवाड़ा के रहने वाले थे अर्शीद (परिवीक्षाधीन) प्रोबेशनरी सब इंस्पेक्टर अर्शीद अहमद को आतंकी ने पीछे से 2 गोली मारीं। इसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत श्रीनगर के सौरा इलाके के शेर ए कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (SKIMS) अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना रविवार दोपहर 1.35 बजे हुई। अर्शीद उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के रहने वाले थे। वे खानयार थाने में तैनात थे। पुलिस इस इलाके को सील कर

सर्च ऑपरेशन चला रही है। इसके अलावा राजौरी जिले के थानामंडी इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ भी चल रही है।

जम्मू-कश्मीर के राजौरी में 12 अगस्त की रात भाजपा नेता जसबीर सिंह के घर आतंकियों ने ग्रेनेड अटैक किया था। इस हमले में जसबीर और उनके 4 परिजन गंभीर रूप से घायल हुए थे। सबसे दुखद बात ये हुई थी कि इस हमले में 2 साल के वीर सिंह की जान चली गई। वीर जसबीर का भतीजा था। अस्पताल में भर्ती जसबीर काफी देर तक नहीं बताया गया कि वीर अब दुनिया में नहीं है। वीर की मां स्वर्णा देवी सुधबुध खो चुकी थीं, कुछ बोलने की स्थिति में ही नहीं थीं।

एआईएमटीसी के प्रधान और पदाधिकारियों की मेहनत रंग लाई

देश के सभी राज्यों में परिवहन चेकपोस्ट, आरटीओ बेरियर होगा खत्म

नई दिल्ली (समर्थ संवाद) आल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्टर कांग्रेस एआईएमटीसी के प्रधान कुलतरण सिंह अटवाल और उनके पदाधिकारियों की मेहनत रंग लाई है। एआईएमटीसी की लगातार मांग के बाद सरकार ने आखिरकार ट्रांसपोर्टरों की बड़ी डिमांग को मान लिया है, जिससे देशभर के ट्रांसपोर्टर में खुशी की लहर है।

आल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस की बड़े लम्बे समय से चली आ रही मांग को केन्द्र सरकार ने पूरा किया है। केन्द्र सरकार ने लूट के अड्डे परिवहन चेकपोस्ट बंद करने के लिए

राज्य सरकारों को आदेश जारी किया है। केंद्र सरकार के इस आदेश से सभी राज्यों के आरटीओ बेरियर, परिवहन चेकपोस्ट महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, पशिचम बंगाल, बिहार,केरला, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, पांडिचेरी, गोवा, उतराखंड, छतीसगढ, राजस्थान समेत उत्तर प्रदेश में नाके खत्म हो जाएंगे।

आस्ट्रेलिया में भारतीय मूल की युवती ने पेश की सेवा की मिसाल

विक्टोरिया में कोरोना के प्रति लोगों को जागरूक कर रही हैं भारतीय मूल की जसलीन कौर

मेलबर्न से समर्थ संवाद के लिए
वर्षा पंधेर (एडिटर)

समर्थ संवाद, विक्टोरिया। कोरोना महामारी के दौरान जब लोग घरों में बैठकर खुद को सुरक्षित करने में लगे हैं, उस वक्त आस्ट्रेलिया के विक्टोरिया स्टेट में जसलीन कौर लोगों को जागरुक करने में जुटी है। कोरोना महामारी के प्रति लोग कैसे जागरुक हों, कोरोना वैक्सीन को लेकर लोगों में व्याप्त गलतफहमी कैसे दूर, इसे लेकर जसलीन कौर विक्टोरिया में अभियान चला रही हैं।

भारतीय मूल की जसलीन कौर विक्टोरिया में बतौर हैल्थ प्रोफेशनल कार्यरत हैं। कोरोना महामारी के समय जसलीन लोगों के लिए किसी अभिभावक से कम

कोरोना महामारी के समय जसलीन लोगों के लिए किसी अभिभावक से कम नहीं

नहीं है। जसलीन कौर विक्टोरिया के शहरों में कोविड-19 संक्रमण और टीकाकरण के बारे में लोगों को बताती हैं, उन्हें हर वह जानकारी मुहैया करवाती हैं, जिनसे लोग अनजान हैं। यही नहीं, जसलीन कौर विक्टोरिया के अलग-अलग शहरों में अलग-अलग समुदायों और संगठनों के साथ मीटिंग कर उन्हें जागरुकता के लिए प्रेरित भी कर रही हैं। जसलीन कौर कहती हैं कि जागरुकता से कोई भी लड़ाई जीती जा सकती है। अगर आप जागरुक हैं तो बिना किसी हिचकिचाहट के कोरोना वैक्सीन लेंगे और दूसरे लोगों को भी प्रेरित करेंगे।

शनि देव और शिव जी के साथ ही गणेश जी को भी चढ़ाना चाहिए शमी के पत्ते

अभी गणेश उत्सव चल रहा है। भगवान गणेश को पूजा में कई तरह की चीजें चढ़ाई जाती हैं, इन चीजों में दूर्वा के साथ ही शमी के पत्ते भी शामिल हैं। देवी-देवताओं को फूल-पत्तियां चढ़ाने की परंपरा पुराने समय से चली आ रही है। ज्योतिषियों के अनुसार शिव जी को बिल्व पत्र, गणेश जी को दूर्वा, विष्णु जी को तुलसी के पत्ते और शनिदेव को शमी के पत्ते प्रिय हैं। आमतौर पर मान्यता है कि शमी के पत्ते शनि को ही चढ़ाए जाते हैं, लेकिन ये पत्तियां शिव जी को और गणेश जी को भी चढ़ा सकते हैं।

गणेशजी को शमी के पत्ते चढ़ाने से सभी काम बिना बाधा के पूरे हो सकते हैं। शमी एक वृक्ष है। इसके पत्ते भी दूर्वा की तरह ही गणेशजी को प्रिय माने गए हैं। इस वृक्ष में शिवजी का वास है। गणेश उत्सव के दिनों में भगवान को

शमी पत्ते चढ़ाने से बुद्धि तेज होती है, सभी क्लेशों का नाश होता है, मानसिक शांति मिलती है।

एक लोककथा के मुताबिक महाभारत काल में पांडव जब अज्ञातवास में थे। तब पांडवों ने शमी वृक्ष में ही अपने शस्त्र छिपाए थे। इस वजह से भी इस पेड़ का धार्मिक महत्व है। गणेशजी की पूजा में शमी पत्तों के साथ ही चावल, फूल, सिंदूर भी चढ़ाएं और इस मंत्र का जाप करें।

मंत्र :

त्वत्प्रियाणि सुपुष्पाणि कोमलानि शुभानि वै। शमी दलानि हेरम्ब गृहाण गणनायक।।

गणेशजी को सिंदूर भी चढ़ाएं : शिव परिवार और शिव के सभी अंश अवतारों को सिंदूर चढ़ाने का विधान है। इसके पीछे मान्यता है कि सिंदूर शिव के तेज से उत्पन्न हुए पारे (तरल धातु) से बना है। शिवजी के पुत्र गणेशजी को भी सिंदूर चढ़ाना चाहिए। गणेशजी को सिंदूर से चोला चढ़ाने पर सभी मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं। इस मंत्र के साथ गणेशजी को सिंदूर चढ़ाना चाहिए।

मंत्र- सिन्दूरं शोभनं रक्तं सौभाग्यं सुखवर्धनम्। शुभदं कामदं चैव सिन्दूरं प्रतिगृह्यताम्।

इस साल 17 सितंबर को परिवर्तनी एकादशी

हिंदू धर्म में एकादशी तिथि का विशेष महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु के व्रत और पूजन का विधान है। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को परिवर्तनी एकादशी या जलझूलनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु अपनी योगनिद्रा में करवट लेते हैं। चतुर्मास की एकादशी होने के कारण इस दिन व्रत का विशेष महत्व है।

इस साल परिवर्तनी एकादशी की तिथि 17 सितंबर, शुक्रवार को पड़ रही है। इस दिन व्रत और पूजन से वाजपेय यज्ञ का फल मिलता है। आइए जानते हैं परिवर्तनी एकादशी तिथि, मुहूर्त और पूजन की विधि....

परिवर्तनी एकादशी का मुहूर्त

पंचांग के अनुसार एकादशी तिथि 16 सितंबर को सुबह 09 बजकर 39 मिनट से शुरू हो कर 17 सितंबर को सुबह 08 बजकर 08 मिनट तक रहेगी, इसके बाद द्वादशी तिथि शुरू हो जाएगी। हालांकि एकादशी तिथि 16 सितंबर को पूरे दिन रहेगी लेकिन इस दिन का सूर्योदय एकादशी तिथि के पहले पड़ रहा है। इसलिए उदया तिथि की मान्यता के अनुसार परिवर्तिनी एकादशी 17 सितंबर, दिन शुक्रवार को मनाई जाएगी।

राधाष्टमी पर करें राधा जी के शास्त्रोक्त 32 नामों का जाप, होगी सौभाग्य में वृद्धि

हिंदी पंचांग के भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन राधा अष्टमी का पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन माता लक्ष्मी का अवतरण धरती पर राधा जी के रूप में हुआ था। राधा रानी को कृष्णप्रिया भी कहा जाता है, कृष्ण राधा जी के बिना अधूरे हैं। राधा रानी के पूजन के बिना कृष्ण की पूजा अपूर्ण मानी जाती है। इस साल राधाष्टमी का पर्व 14 सितंबर, दिन मंगलवार को पड़ रहा है। इस दिन विधि पूर्वक राधा जी के नाम से व्रत और पूजन करने से कृष्ण पूजन पूर्ण होता है और भक्तों की सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। इस दिन शास्त्रों में वर्णित राधा जी के 32 नामों का जाप करने का विशेष विधान है। ऐसा करने से भक्तों के सभी कष्ट दूर होते हैं और मां लक्ष्मी की कृपा से धन-धान्य की प्राप्ति होती है....

शास्त्रोक्त राधा जी के नाम –

1: मृदुल भाषिणी राधा ! राधा !!
2: सौंदर्य राषिणी राधा ! राधा !!
3 : परम् पुनीता राधा ! राधा !!
4 : नित्य नवनीता राधा ! राधा !!
5 : रास विलासिनी राधा ! राधा !!
6 : दिव्य सुवासिनी राधा ! राधा !!
7 : नवल किशोरी राधा ! राधा !!
8 : अति ही भोरी राधा ! राधा !!
9 : कंचनवर्णी राधा ! राधा !!
10 : नित्य सुखकरणी राधा ! राधा !!
11 : सुभग भामिनी राधा ! राधा !!
12 : जगत स्वामिनी राधा ! राधा !!

आज का राशिफल

पंडित भागीरथ भूषण पाण्डेय
संपर्क : 94630-30375
संपादक, समर्थ संवाद (धर्म)

मेष: व्यावसायिक प्रगति होगी। शासन सत्ता या घर के मुखिया का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी। संबंधों में मधुरता आएगी।

वृष: बुद्धि कौशल से किया गया कार्य संपन्न होगा। रचनात्मक प्रयास फलीभूत होगा। अज्ञात भय से ग्रसित रहेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। संयम बरतें।

मिथुन: व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होगा, लेकिन दांपत्य जीवन में कुछ तनाव आ सकते हैं। संयम बरतने की आवश्यकता है। रचनात्मक कार्यों में आशातीत प्रगति होगी।

कर्क: आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा।

सिंह: स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। विरोधी सक्रिय रहेगा। मन अशांत हो सकता है। मैत्री संबंध मधुर होंगे। जीवनसाथी का सहयोग एवं सान्निध्य मिलेगा।

कन्या: आर्थिक मामलों में सचेत रहें। स्वास्थ्य और प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहें। जीविका के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। बुद्धि कौशल से किए गए कार्य में प्रगति होगी।

तुला: स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। संबंधों में मधुरता आएगी।

वृश्चिक: व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होगा। दांपत्य जीवन में तनाव आ सकता है। संयम से काम लें। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा।

धनु: शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। उच्च अधिकारी या घर के मुखिया का सहयोग रहेगा। भागदौड़ भी हो सकती है। जीविका के क्षेत्र में आशातीत प्रगति होगी।

मकर: महिला अधिकारी या घर की मुखिया से सहयोग मिलेगा। यात्रा देशाटन की संभावना है। पिता का भरपूर सहयोग मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में प्रगति होगी। नए संबंध बनेंगे।

कुंभ: रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा।

मीन: जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। यश, कीर्ति, उपहार में वृद्धि होगी। व्यक्ति विशेष का सहयोग रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी।

टी20 वर्ल्ड कप के लिए सभी 16 टीमों की घोषणा

समर्थ संवाद, नई दिल्ली। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 021 का आयोजन 17 अक्टूबर से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआइ की मेजबानी में संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई और ओमान में होना है। इसी मेगा इवेंट के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आइसीसी ने 10 सितंबर आखिरी तारीख टीम के एलान के लिए रखी थी। टी20 विश्व कप में खेलने जा रहे 16 देशों को अपनी टीम इसी डेट तक फाइनल करनी थी, लेकिन इस डेडलाइन तक एक देश ऐसा रहा, जिसने अपनी टीम अनाउंस नहीं की। ये देश था श्रीलंका, जिसके क्रिकेट बोर्ड ने 12 सितंबर को टीम का एलान किया और इसी के साथ सभी टीमों के खिलाड़ियों के नाम सामने आ गए हैं, जो टी20 विश्व कप में खेलने वाले हैं। आइए जानें कि कौन सी टीम में किस खिलाड़ी को मौका मिला है।

टी20 विश्व कप के लिए 16 टीमें और उनके खिलाड़ी इस प्रकार हैं

1. अफगानिस्तान की टीम : राशिद खान, रहमनउल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), हजरतउल्लाह जाजाई, उस्मान गनी, असगर अफगान, मुहम्मद नबी, नजीबुल्लाह जादरान, हसमतउल्लाह शाहिदी, मुहम्मद शहजाद, मुजीब उर रहमान, करीम जन्नत, गुलबदीन नायब, नवीन उल हक, हमीद हसन, शराफुद्दीन अशरफ, दौलत जादरान, शापूर जादरान और कैस अहमद। रिजर्व अफसर जजई और फरीद अहमद मलिक

2. आस्ट्रेलियाई टीम : आरोन फिंच (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस (उपकप्तान), जोश हेजलवुड, जोश इंग्लिस, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, केन रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मिचेल स्वेप्सन, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर और एडम जैम्पा। रिजर्व प्लेयर: डैन क्रिश्चियन नैथन एलिस और डेनियल सैम्स।

3. बांग्लादेश टीम : महमूदुल्लाह (कप्तान), मोहम्मद नईम, सौम्य सरकार, लिटन दास (विकेटकीपर), शकिब अल हसन, मुशफिकुर रहीम, अफिफ हुसैन, नुरुल हसन, महेदी हसन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम, तस्कीन अहमद, मोहम्मद सैफुद्दीन, शमीम हुसैन रिजर्व : रुबेल हुसैन, अमीनुल इस्लाम

4. इंग्लैंड की टीम : इयोन मोर्गन (कप्तान), मोइन अली, जानी बेयरस्टो, सैम बिलिंग्स, जोस बटलर, सैम कुर्रन, क्रिस जार्डन, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, ताइमल मिल्स, आदिल राशिद, जेसन राय, डेविड विले, क्रिस वोक्स, मार्क वुड। रिजर्व खिलाड़ी- टाम कुर्रन, लियाम डाउसन, जेम्स विंस।

5. भारत की टीम : विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा (उपकप्तान), केएल राहुल, सूर्यकुमार यादव, रिषभ पंत (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, राहुल चाहर, आर अश्विन, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार और मुहम्मद शमी। रिजर्व खिलाड़ी: श्रेयस अय्यर, दीपक चाहर और शार्दुल ठाकुर

6. आयरलैंड की टीम : एंड्रयू बालबर्नी (कप्तान), मार्क एडेर, कुर्टिस कैम्फेर, गेरेथ डेलैनी, जार्ज डाकरेल, शेन गेटकैट, ग्राहम केनेडी, जोश लिटिल, एंड्रयू मैकब्रायन, बैरी मैककार्ती, केविन ओब्रायन, नील रोक, सिमी सिंह, पाल स्टिर्लिंग, हैरी टेक्टर, लोरकैन टकर, बेन व्हाइट और क्रेग यंग।

7. नामिबिया की टीम : गेरहार्ड इरासमस (कप्तान), स्टीफन बार्ड, कार्ल ब्रिकेनस्टाक, मिचउ डुप्रीज, जैन फ्रीलिंक, जैन ग्रीन, निकोल लोफी-इटान, बेरनार्ड स्कोल्टज, बेन शिकोंगो, जेजे स्मिट, रुबेन ट्रुम्पेलमान, माइकल वैन लिंगेन, डेविड वीज, क्रेग विलियम्स, पिकी या फ्रांस। रिजर्व: मारिशस गुपिता

8. नीदरलैंड्स की टीम : पीटर सीलर (कप्तान), कोलिन एकरमान, फिलिपी बोइसवैन, बेन कूपर, बास डिलीड, स्काट एडवार्ड्स, ब्रैंडन ग्लोवर, फ्रेड क्लासेन, स्टीफन मीबर्ग, मैक ओडाउड, रयान टेन डजचेट, लोगन वैन बीक, टिम वैन डर गटन, रोइलोफ वैन डर मर्वे और पाल वैन मीकरन। रिजर्व - एस स्नेटर और टी विसी

9. न्यूजीलैंड की टीम : केन विलियमसन (कप्तान), टोड एशेल, ट्रेंट बोल्ट, डोवेन कॉन्वे, मार्टिन गुप्टिल, ग्लेन फिलिप्स, टिम सेईफर्ट (विकेटकीपर), मार्क चैपमैन, डेरेल मिशेल, जिमी नीशम, मिशेल सैंटनर, ईश सोढ़ी, काइले जैमिसन, लोकी फुर्ग्युसन, टिम साउथी। रिजर्व: एडम मिल्ने (बैक अप)

10. ओमान की टीम : जीशान मकसूद (कप्तान), आकिब इल्यास, जतिंदर सिंह, खवर अली, मोहम्मद नदीम, अयान खान, सूरज कुमार, संदीप गोड, नेस्तर धांबा, कलीमुल्लाह, बिलाल खान, नसीम खुशी, सुफयान महमूद, फय्याज बट और खुर्रम खान।

11. पाकिस्तान की टीम : बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान (उपकप्तान), इमाद वसीम, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), खुशदिल शाह, मोहम्मद वसीम जुनियर, आसिफ अली, मोहम्मद हफीज, शाहीन अफरीद, आजम खान, मोहम्मद हसनैन, सोहेब मकसूद, हारिस रउफ, मोहम्मद नवाज और हसन अली। रिजर्व खिलाड़ी: फखर जमां, शहनवाज दाहनी और उस्मान कादिर

12. पापुआ न्यू गिनी की टीम : असद वाला (कप्तान), चार्ल्स एमिनी, लेगा सिएका, नोरमैन वनुआ, नोसैना पोकाना, किपलिंग डोरिजा, टोनी उरा, हिरी हिरी, गोडी टोका, सेसे बउ, डामियन रावू, कबुआ वागी-मोरिया, सिमोन अताई, जेसन किला, चाड सोपर और जैक गार्डनर

13. स्कॉटलैंड की टीम : काइल कोइटजर (कप्तान), रिचर्ड बेरिंगटन (उपकप्तान), डीलैन बज, मैथ्यू क्रोस (विकेटकीपर), जोश दावी, एलासडेर एवांस, क्रिस ग्रीव्स, ओली हेयर्स, माइकल लीस्क, कैलम मैकलियोड, जार्ज मुनसे, साफयान शरीफ, क्रिस सोल, हम्जा ताहिर, क्रेग वैलेस (विकेटकीपर), मार्क वाट और ब्रैड व्हील

14. साउथ अफ्रीका की टीम : तेंबा बवूमा (कप्तान), केशव महाराज, क्विंटन डिकाक (विकेटकीपर), हेनरिच क्लासेन, बिजोर्न फोरटिन, रेजा हेनड्रिक्स, एडेन मार्करम, डेविड मिलर, मुलडर, लुंगी एंगिडी, एनरिक नौखिया, ड्वेन प्रीटोरस, कगीसो रबादा, तबरेज शमसी, वान डेर डुसेन रिजर्व खिलाड़ी : जार्ज लिंडे, एंडिले फेलुकवायो, लिजाड विलियम्स

15. श्रीलंका की टीम : दसुन शनाका (कप्तान), धनंजय डिसिल्वा, कुसल परेरा, दिनेश चांदीमल, अविष्का फर्नांडो, भानुका राजपक्षा, चरित असलंका, वानिंदु हसरंगा, कमिंदु मेंडिस, चमिका करुणारत्ने, नुवान प्रदीप, दुश्मंता चमीरा, प्रवीन जयविक्रमा, लाहिरु मदुशंका और महेश थीक्षाना रिजर्व खिलाड़ी: लहिरु कुमारा, बिनुरा फर्नांडो, अकिला धनंजया और पुलिना थरंगा।

16. वेस्टइंडीज की टीम : लेंडल सिमंस, इविन लुइस, क्रिस गेल, शिमरोन हेटमायर, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), कीरोन पोलार्ड (कप्तान), आंद्रे रसेल, जेसन होल्डर, ड्वेन ब्रावो, हेडन वाल्स, अकील होसैन, फेबियन एलेन, शेल्डन काटरेल, आंद्रे फ्लेचर और केविन सिंक्लेयर। रिजर्व: डेरेन ब्रावो, शेल्डन कट्रेल, जेसन होल्डर और अकील हुसैन

श्रेयस अय्यर की वापसी से मजबूत होगी टीम, अच्छी शुरूआत की जरूरत : शिखर धवन

समर्थ संवाद, दुबई। दिल्ली कैपिटल्स के अनुभवी बल्लेबाज शिखर धवन ने कहा कि नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर की वापसी से टीम और मजबूत होगी, जिससे टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) में अपने अभियान को शानदार तरीके से आगे बढ़ाने की कोशिश करेगी। आइपीएल 2021 के बायो-बबल (कोरोना से बचाव के लिए बनाए गए सुरक्षित माहौल) में कई फ्रेंचाइजियों के खिलाड़ियों और सहयोगी सदस्यों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद लीग को स्थगित कर दिया गया था। लीग का दूसरा चरण 19 सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आयोजित होगा।

धवन ने कहा, 'हम लीग के पहले चरण में शानदार लय में थे, लेकिन उसके स्थगित होते ही यह लय टूट गई। ऐसे में हमें फिर से उस लय को हासिल करने के लिए मेहनत करनी होगी। अच्छी बात यह है कि टीम का संतुलन अच्छा है और श्रेयस अय्यर की वापसी से वह और मजबूत हुई है।' अय्यर चोटिल होने के कारण लीग के पहले चरण का हिस्सा नहीं बन पाए थे। उन्हें यह चोट मार्च में भारत और इंग्लैंड के बीच खेली गई वनडे सीरीज के पहले मैच में लगी थी। मौजूदा सत्र में अब तक के शीर्ष स्कोरर धवन ने कहा कि टीम का ध्यान लीग के दूसरे चरण में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले शुरूआती मुकाबले पर है।

सत्र के आठ मैचों में तीन अर्धशतक के साथ 380 रन बनाने वाले इस 35 साल के बायें हाथ के बल्लेबाज ने कहा, 'लय हासिल करना बहुत अच्छा है। टीम के अंदर बेहतर माहौल है। सभी लड़के बहुत मेहनत कर रहे हैं और मैं आइपीएल सत्र के फिर से शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। मैं आगामी मैच खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

हमारे लिए यह काफी जरूरी है कि हम अच्छी शुरूआत करें। हमें पहले मैच से ही अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है और इसलिए हम सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने पहले मैच के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं। हमें मैचों के दौरान अपनी कड़ी मेहनत को मैदान में उतराने के साथ अच्छा नतीजा हासिल करना होगा।' पिछले साल की उप विजेता दिल्ली कैपिटल्स का 22 सितंबर को सनराइजर्स हैदराबाद से सामना होगा।

कप्तान रिषभ पंत समेत दिल्ली कैपिटल्स के सात खिलाड़ी इंग्लैंड से दुबई पहुंचे

समर्थ संवाद, दुबई। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी आइपीएल के लिए रविवार को यूएई पहुंच गए। फ्रेंचाइजी ने यह जानकारी दी। यहां पहुंचने वाले खिलाड़ियों में रिषभ पंत, रविचंद्रन अश्विन, अजिंक्य रहाणे, इशांत शर्मा, अक्षर पटेल, पृथ्वी शा और उमेश यादव शामिल रहे। इन सभी का यहां पहुंचने पर कोविड-19 परीक्षण किया गया।

आइपीएल नियमों के अनुसार खिलाड़ियों को छह दिन के कड़े क्वारंटाइन से गुजरना होगा और इस दौरान तीन बार उनका परीक्षण होगा। इसके बाद ये खिलाड़ी दिल्ली कैपिटल्स टीम के बाकी सदस्यों से जुड़ पाएंगे, जो पहले ही बायो-बबल का हिस्सा हैं। पिछले साल दिल्ली की टीम आइपीएल में उप विजेता रही थी। उसे फाइनल में मुंबई इंडियंस के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- पैरालिंपियन खिलाड़ियों से मिलती है प्रेरणा और उन्हें मिलता रहेगा समर्थन

समर्थ संवाद, नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टोक्यो पैरालिंपिक में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की तारीफ की और उन्हें शाबासी देते हुए कहा कि उन्हें प्रतिस्पर्धा पेश करते हुए देखकर वह खुद को प्रेरित महसूस करते हैं। भारत ने टोक्यो पैरालिंपिक में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पांच स्वर्ण सहित 19 पदक जीते। इस प्रदर्शन की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि भारत के स्टार पैरा खिलाड़ी देश को काफी कुछ दे सकते हैं और उनसे अपील की कि वे खेल के मैदान के बाहर भी बदलाव लाने के लिए भूमिका निभाएं। मोदी ने गुरुवार को पैरा खिलाड़ियों से मुलाकात की, जिसका वीडियो रविवार को सार्वजनिक किया गया। उन्होंने इसमें कहा, 'मुझे आप सभी से प्रेरणा मिलती है।' खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री को अपना निजी सामान और आटोग्राफ वाला स्टोल दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, 'आपने हारी हुई



मानसिकता को हरा दिया, बहुत बड़ी बात है। आपकी छोटी चीजें भी देश को काफी प्रेरित कर सकती हैं, आप आगे देश को कैसे प्रेरित करोगे। आप स्कूलों आदि में जा सकते हो। खेल की दुनिया के अलावा आप देश के लिए कुछ और भी कर सकते हो और बदलाव लाने में मदद कर सकते हो।'

खिलाड़ी बहुत कुछ दे सकते हैं : मोदी ने खिलाड़ियों के समर्थन का वादा किया और कहा कि पूरा देश खेल जगत के उत्कृष्टता हासिल करने के सपने को साझा करता है। उन्होंने कहा, 'आप काफी कुछ दे सकते हैं। भविष्य अच्छा है। मैं हमेशा आपका साथ देने के लिए मौजूद हूं, आपका सपना हमारा सपना है और इसे साकार करने के लिए जो भी करना होगा मैं करूंगा।' प्रधानमंत्री ने टोक्यो 2020 पैरालिंपिक में हिस्सा लेने वाले भारतीय दल की नाश्ते पर अपने निवास पर मेजबानी की थी।

कृष्णा से प्रभावित हुए प्रधानमंत्री : मोदी ने स्वर्ण पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी कृष्णा नागर से अपने पदक को कोविड-19 योद्धाओं को समर्पित करने के विचार के बारे में पूछा। मोदी ने कहा, 'यह बात मेरे दिल को छू गई, लेकिन जब आपने यह किया तो आप क्या सोच रहे थे? नागर ने कहा, 'मैंने देखा कि स्वास्थ्यकर्मी अपनी परवाह किए बगैर अपना काम कर रहे हैं, इसी से प्रेरित होकर मैंने ऐसा कहा।'

मोदी से मिलने के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार थीं भाविना : रजत पदक विजेता टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविना पटेल ने रहस्योद्घाटन किया कि खेलों के दौरान उन्हें वायरल संक्रमण और बुखार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, 'इसके कारण मेरा पहला मुकाबला अच्छा नहीं रहा। यह मुश्किल दिन था, लेकिन मैंने विदाई के दौरान आपके शब्दों के बारे में सोचा और उस दिन मैं आपसे मुलाकात करने वाले लोगों में शामिल नहीं थी, इसलिए मैंने फैसला किया कि आपसे मिलने के लिए मैं कुछ भी करूंगी। मैंने साथ ही सोचा कि शायद यह मेरा एकमात्र मौका है।' मोदी ने कहा, 'कभी नकारात्मक मत सोचो।'

मोदी ने बातचीत के दौरान रिकार्ड तोड़ प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को बधाई दी। पैरालिंपिक का आयोजन टोक्यो में 24 अगस्त से पांच सितंबर के बीच किया गया जहां भारत ने अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेजा। भारत के 54 खिलाड़ियों ने नौ खेलों में हिस्सा लिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक महाबीर प्रसाद द्वारा प्लामाग प्रिंटर्स, 448/13, अवतार नगर, जालंधर से प्रकाशित व एस.सी.ओ. 1, दूसरी मंजिल, छोटी बारादरी पार्ट-1, नजदीक पिम्स अस्पताल, जालंधर (पंजाब) से प्रसारित। मुख्य संपादक : रमेश अरोड़ा*। फोन : 0181-4666583, टाइटल कोड : PUNHIN01947

पुलिसकर्मी से झगड़े के बाद व्यक्ति ने दम तोड़ा

जालंधर में परिजनों का रोड जाम कर प्रदर्शन, कहा : एएसआई ने धमकाकर मारा धक्का, नीचे गिरने से हुई मौत

समर्थ संवाद, जालंधर। जालंधर के गढ़ा स्थित गुरु दीवान नगर के लोगों ने रविवार शाम को लोगों ने सड़क जाम कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस के एएसआई ने पड़ोस में रहने वाले पक्का बाग कोआपरेटिव सोसाइटी के सचिव के साथ झगड़ा किया। इस दौरान धमकी देते हुए उन्हें धक्का मारा गया, जिसकी वजह से वो नीचे गिर पड़े और मौत हो गई। रोड जाम करने की सूचना मिलते ही पुलिस अफसर मौके पर पहुंचे। उन्होंने केस दर्ज करने की बात कहकर परिजनों को थाने बुला लिया। जिसके परिजनों ने जाम खोल दिया। हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इंसाफ न मिला तो वो सीधे हाइवे जाम कर देंगे।

एएसआई ने धमकी दी, वाहन हटाओ वर्ना आग लगा दूंगा : परिजनों के मुताबिक अश्विनी कुमार व थाना डिवीजन 6 में तैनात पुलिस का अरकाएक ही मोहल्ले में रहते हैं। उनकी गली में किसी की मौत हुई थी। उस घर में कोई मिलने आ रखा था और उसका वाहन बाहर खड़ा था। एएसआई ड्यूटी से वापस लौटा तो उस वाहन को हटाने के लिए कहने लगा। वह जोर-जोर से पुलिस का रौब दिखाकर कहने लगा कि अगर इसे न हटाया तो वो आग लगा देगा।

मृतक ने समझाने की कोशिश की तो घर के अंदर आकर धमकाया : इतने में अश्विनी वहां आया क्योंकि वह वाहन उनके घर के बाहर खड़ा किया था। उन्होंने एएसआई को समझाया कि पड़ोस के घर में मौत हुई है और कोई मिलने आया है। इंसानियत के नाते थोड़ी देर वह इसे वहीं रहने दे। इसको लेकर एएसआई सीधे अश्विनी से ही भिड़ गया। वह घर के अंदर आया और धमकाने लगा। इसके बाद उसने धक्का मारा, जिससे अश्विनी नीचे गिर पड़ा और सिर पर चोट लग गई।

बेटी को दी चुप रहने की धमकी, आधी रात को आई होश में : परिजनों के मुताबिक जिस वक्त एएसआई ने अश्विनी के साथ धक्कामुक्की की, उसकी बेटी भी वहां मौजूद थी। आरोप है कि एएसआई ने उसे भी धमकाया कि अगर उसने किसी को इसके बारे में बताया तो अच्छा नहीं होगा। इस वजह से बेटी बहुत डर गई थी। इसके बाद पिता की मौत होने से उसकी हालत और बिगड़ गई। रात को उसे कुछ होश आया तो उन्होंने पुलिस कंट्रोल में 112 नंबर पर फोन कर सूचना दी।

पुलिस ने नहीं की कार्रवाई, अब अफसर बोले : केस दर्ज करेंगे
अश्विनी के सिर पर चोट लगने के बाद उनकी हालत बिगड़ गई। जिसे देख परिजन अस्पताल उन्हें ले गए लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया इसके बाद उन्होंने थाना डिवीजन 7 में मामले की शिकायत दी और पुलिस कंट्रोल रूम में भी फोन किया। पुलिस वाले आए और घरवालों के बयान ले गए लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। मृतक की लाश मॉर्च्यूरी में रख परिजनों ने इसके खिलाफ जाम लगा दिया। पुलिस अफसरों के मुताबिक मृतक के परिजनों के बयान लिख रहे हैं, उसके बाद आरोपों की जांच कर केस दर्ज किया जाएगा।

पिता द्वारा घूमने के पैसे न देने पर युवती ने लगाया फंदा

समर्थ संवाद, जालंधर। जालंधर के अमर नगर में 22 वर्षीय युवती ने खुदकुशी कर ली। वह पिता से बाहर घूमने जाने की जिद कर रही थी। पिता ने उसे कह दिया कि अभी रुपए नहीं हैं, वो बाद में चली जाए। इससे वह गुस्से में आ गई और कमरे में तेज आवाज में गाने लगाकर पंखे पर फंदा लगाकर लटक गई। इसका पता चलते ही पुलिस वहां पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। बेटी की खुदकुशी से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है।
पिता राजिंदर कुमार ने बताया कि वह गुरु रविदास चौक पर पान-बीड़ी का खोखा लगाते हैं। उनकी बेटी मुस्कान ने उन्हें कहा कि वह घूमने जाना चाहती है। उन्होंने बेटी को कहा कि अभी उनके पास रुपए नहीं हैं। इसलिए वो बाद में घूमने चली जाए। वह देवी तलाब मंदिर जाना चाहती थी। इसके बाद वो काम पर चले गए और पीछे से कमरे में जाकर उसने फंदा लगा लिया। उनके 2 बेटे व यही एक बेटी थी। मृतका के भाई हर्षित ने बताया कि बहन मुस्कान काफी गुस्से वाली थी। कोरोना की वजह से पिता का काम मंदा चल रहा था। जब पिता ने उसकी घूमने जाने की बात पर रुपए न होने की बात कही तो वो गुस्से में आ गई। उसने कहा कि रात 12 बजे तक दुकान पर बैठे रहते हो तो रुपए किसके लिए कमाते हो। पिता मुझ पर रुपए नहीं लगाते। इसके बाद वो कमरे में चली गई। हर्षित ने बताया कि मुस्कान ने दरवाजा बंद करने के बाद उसने ऊंची आवाज में गाने चला दिए और फिर फंदा लगा लिया। वह घर से बाहर खाने का सामान लेने के लिए गया था। उसे लाने के बाद उसने मुस्कान के कमरे का दरवाजा खटखटाया लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद वह दरवाजे को धक्का मारकर अंदर गया तो बहन मुस्कान पंखे में फंदा लगाकर लटक रही थी।

भाजपा जालंधर (शहरी) द्वारा प्रदेश प्रवक्ता हरमिंदर सिंह काहलों का पार्टी कार्यालय पहुंचने पर हुआ स्वागत

समर्थ संवाद, जालंधर। आज भारतीय जनता पार्टी जिला जालंधर के अध्यक्ष सुशील शर्मा की अध्यक्षता में स्थानीय पार्टी कार्यालय सर्कुलर रोड नजदीक (शीतला माता मंदिर)में भाजपा पंजाब प्रदेश के नवनियुक्त प्रवक्ता हरमिंदर सिंह काहलों का स्वागत किया गया। जिसमें मुख्य रुप से उपस्थित पूर्व विधायक एवं मंत्री मनोरंजन कालिया,प्रदेश अनुशासनात्मक कमेटी के चेयरमैन विनोद शर्मा,पूर्व जिलाध्यक्ष रमन पब्बी,अरुण बजाज,पुनीत शुक्ला,मीनू शर्मा, जिला महामंत्री, राजीव ढींगरा, राम लुभाया कपूर,उपस्थित थे। भाजपा जिला जालंधर के अध्यक्ष सुशील शर्मा द्वारा नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता हरमिंदर सिंह फूलों का हार व सिरोपा पहना कर पार्टी कार्यालय में स्वागत किया गया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री मनोरंजन कालिया हरमिंदर सिंह कहलों का कार्यकर्ताओं के साथ परिचय देते हुए बताया कि सरदार हरमिंदर सिंह सीख फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रह चुके है।मनोरंजन कालिया ने कहा कि सिख समाज के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को देखते हुए हरविंदर सिंह ने पार्टी का दामन थामा है और पार्टी ने उनको प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेवारी देकर उनका मान बढ़ाया है।इस बैठक मैं आए हुए सभी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए हरमिंदर सिंह कहलों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़े हैं उन्होंने कहा कि वह देश की अकेली पार्टी है जिसने 1984 में हुए दंगों में मारे गए सिख समाज के लोगों के कातिलों को सजा दिलाई है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिख समाज की गहरी आस्था से जुड़ा करतारपुर कॉरिडोर खुलवाने में केंद्र सरकार का अहम योगदान रहा है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंजाब और पंजाब के किसानों के लिए दिन प्रतिदिन नई-नई योजनाएं बना रहे हैं और उन को लागू करवाने के लिए दिन रात काम कर रहे हैं उन्होंने कहा कि अब पंजाब प्रदेश में चुनावों का बिगुल बज चुका है हम सभी को इसके लिए अब दिन रात तैयारी करने की जरूरत है इसको लेकर उन्होंने कार्यकताओं के साथ पंजाब के राजनीतिक हालातों पर भी मंथन किया।
इस बैठक में दिनेश खन्ना दविंदर कालिया,अनिल शर्मा काला,प्रदीप खुल्लर,अजय चोपड़ा,रॉक्सी उप्पल,अमित भाटिया,राजेश कपूर, बृजेश शर्मा,भूपेंद्र कुमार,बलजीत प्रिंस, डिंपी लुबाना,सनी भगत,हितेश सयाल,कुलवंत शर्मा,महिंदर पाल, श्याम शर्मा,जगजीत सिंह,विजय शर्मा,राजू मागो,सौरभ सेठ, दविंदर भारद्वाज,अमरजीत सिंह गोल्डी,प्रवीण भारती,भोला शर्मा, जगमोहन मागो,राहुल चोपड़ा, अनुज शारदा,उपस्थित थे।

पंजाब में कांग्रेस विधायक के बगावती बोल

अमरगढ़ के विधायक सुरजीत धीमान बोले- नवजोत सिद्धू हों सीएम का चेहरा, कैप्टन की अगुवाई में नहीं लड़ूंगा चुनाव

समर्थ संवाद, अमरगढ़। नवजोत सिद्धू गुट के विधायक सुरजीत धीमान के बगावती सुर देखने को मिल रहे हैं। धीमान ने एक चैनल से बातचीत में कहा कि अगले विधानसभा चुनाव में पार्टी नवजोत सिद्धू को सीएम का चेहरा बनाए। नवजोत सिद्धू पंजाब में पार्टी के प्रधान हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि अगर मुख्यमंत्री कैप्टन अमिरंदर सिंह अगुवाई करेंगे तो वो चुनाव ही नहीं लड़ेंगे। यह बयान ऐसे वक्त पर आया है, जब काफी दिनों से कांग्रेस में मची कलह ठंडी पड़ी थी। सिद्धू और कैप्टन गुट अंदरखाने जोर लगा रहे हैं कि उनके नेता को ही अगुवाई सौंपी जाए। सुरजीत धीमान अमरगढ़ से विधायक हैं। धीमान सिद्धू के करीबी हैं। कैप्टन अमरिंदर सिंह को उट की कुर्सी से हटाने के लिए बगावत में भी वो शामिल रहे। इसके बाद पंजाब कांग्रेस इंचार्ज हरीश रावत से देहरादून मिलने वालों में भी धीमान शामिल थे। इस बगावत को कांग्रेस हाईकमान ने दबा दिया लेकिन सिद्धू गुट अभी भी कैप्टन पर निशाना साधने से नहीं चूक रहा। हालांकि हाईकमान से स्पष्ट संकेत मिलने के बाद कैप्टन सरकार चलाने में जुटे हुए हैं।

अपने क्षेत्र का कप्तान मैं हूं, दूसरा कौन कप्तान मुझे नहीं पता : सुरजीत धीमान

पंजाब की अगुवाई को लेकर असमंजस में कांग्रेस : पंजाब में अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की अगुवाई कौन करेगा? इसे लेकर कश्मकश जारी है। यही वजह है कि पंजाब कांग्रेस इंचार्ज हरीश रावत के कैप्टन की अगुवाई वाले बयान से काफी बवाल हुआ। सिद्धू के करीबी व अब संगठन महासचिव बनाए परगट सिंह ने तो रावत के फैसले लेने के अधिकार पर सवाल खड़े कर दिए थे। रावत को पीछे हटना पड़ा। उन्होंने बाद में यह कहकर झगड़ा संभाला कि उनके पास पंजाब में कैप्टन के अलावा सिद्धू व यहां तक कि परगट सिंह समेत कई नेता हैं, जो अगुवाई कर सकते हैं।

कैप्टन-सिद्धू के झगड़े को फायदेमंद बता चुके रावत : कांग्रेस में कैप्टन और सिद्धू के झगड़े को लेकर पंजाब कांग्रेस इंचार्ज हरीश रावत दिलचस्प बयान दे चुके हैं। रावत ने कहा था कि इन दोनों के झगड़े से कांग्रेस प्लस होगी। हालांकि विरोधियों ने इस पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा कि कैप्टन व सिद्धू के झगड़े के बीच कांग्रेस अपनी सरकार की नाकामियों को छुपाना चाहती है। यह सब कांग्रेस के राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की लिखी चुनावी स्क्रिप्ट है।

पंजाब में 2 हजार सरकारी बसों के चक्के 7वें दिन भी जाम

कांग्रेसी विधायक परगट सिंह के घर के बाहर प्रदर्शन, मंगलवार को सीएम से बैठक

समर्थ संवाद, जालंधर। पंजाब में 2 हजार सरकारी बसों के चक्के 7वें दिन भी जाम हैं। कॉन्ट्रेक्ट कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से सरकारी बसें नहीं चल रहीं। इसकी वजह से सवारियों व खासकर मुफ्त सफर सुविधा वाली महिलाओं को परेशानी हो रही है। हड़ताली कर्मचारियों की मंगलवार को मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह से बैठक होनी है। उससे पहले जालंधर में रविवार को पंजाब रोडवेज, डफ्लउ व पनबस के कर्मचारियों ने जालंधर कैंट से विधायक व पंजाब कांग्रेस के संगठन महासचिव परगट सिंह के घर का घेराव किया। बस स्टैंड से रैली शुरू करते हुए वे विधायक परगट सिंह के घर तक पहुंचे।

कर्मचारियों के आने पर कैंट हलके के विधायक परगट सिंह घर से बाहर निकले और उनकी मुश्किलें सुनी। कर्मचारियों ने बताया कि वह करीब एक हफ्ते से हड़ताल पर हैं लेकिन सरकार उनकी सुनवाई नहीं कर रही। परगट ने उन्हें भरोसा दिया कि वह सरकार के आगे उनकी मांगों को रखेंगे। वह कोशिश करेंगे कि कर्मचारियों की मांगें जल्द हल हों। पंजाब रोडवेज व पनबस कॉन्ट्रेक्ट वर्कर यूनियन के जालंधर प्रधान गुरप्रीत सिंह ने कहा कि सरकार हर बार बातचीत कर मुकर जाती है। इस वजह से मजूबर होकर उन्हें बेमियादी चक्काजाम करना पड़ रहा है। इस बार यह स्पष्ट है कि अगर सरकार ने मांगे नहीं मानी तो फिर वो हड़ताल खत्म नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि लोगों की परेशानी से वो भी वाकिफ हैं लेकिन पंजाब सरकार को तुरंत हमारी मांगे माननी चाहिए ताकि हड़ताल खत्म हो सके।

फेस्टिवल सीजन में हाईवे जाम से बढ़ेगी मुश्किल : हड़ताली कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर मंगलवार को उट से बैठक में उनके पक्ष में फैसला न हुआ तो हाईवे जाम कर देंगे। इस वक्त फेस्टिवल सीजन चल रहा है, ऐसे में हाईवे जाम हुआ तो लोगों को बड़ी परेशानी होगी। सरकार गन्ना किसानों के मामले में भी लापरवाही बरत चुकी है। तब 5 दिन तक जालंधर-दिल्ली नेशनल हाईवे व रेलवे ट्रैक जाम रहा। इससे लाखों लोगों को आवाजाही में परेशानी झेलनी पड़ी, हालांकि बाद में सरकार ने उनकी मांग मान ली।

हड़ताल को लेकर आमने-सामने : सरकारी बसों के चक्काजाम को लेकर हड़ताली कर्मचारी व पंजाब सरकार आमने-सामने है। विधानसभा चुनाव से पहले हड़ताल से कैप्टन सरकार की बहुप्रचारित मुफ्त सफर स्कीम का महिलाओं को लाभ नहीं मिल रहा है। इस वजह से सरकार की चिंता बढ़ी हुई है। इस वजह से सरकार हड़ताली कर्मचारियों को नोटिस भेज चुकी है कि उन्हें हड़ताल का अधिकार नहीं है। वो तुरंत हड़ताल खत्म कर बसें चलाएं अन्यथा उनका कॉन्ट्रेक्ट खत्म कर दिया जाएगा। वहीं, यूनियन भी अड़ी हुई है कि वो पीछे नहीं हटने वाले। सरकार कर्मचारियों के खिलाफ दमनकारी नीति अपना रही है। हड़ताल अब तभी खत्म होगी, जब सरकार मांगे मानेगी।

अभी एक दिन और बरसात का येलो अलर्ट

हिमाचल में मानसून का कहर, एनएच 305 और 5 बंद, लगातार हो रही बारिश के बाद भारी लैंड स्लाइड

समर्थ संवाद, शिमला। हिमाचल में इस समय मानसून पूरी तरह से सक्रिय है। शिमला, सोलन, कुल्लू, कांगड़ा में पिछली रात से लगातार बारिश हो रही है। बारिश के कारण जगह-जगह लैंड स्लाइड हो रहे हैं। लोगों का जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। जगह-जगह पर पहाड़ों से पत्थर और मलबा गिरने से नेशनल हाईवे भी बाधित हो गए। कुछ पर एक तरफा वाहनों को चलाया गया है जबकि कुछ पर अभी यातायात पूरी तरह से बाधित है। अभी आन वाले दो दिन और हिमाचल में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

नेशनल हाईवे 305 सोझा के पास हुआ बंद : शिमला से कुल्लू से जोड़ने वाला नेशनल हाईवे-305 सोझा के पास भारी लैंड स्लाइड होने से बंद हो गया। यहां पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई। सड़क का एक हिस्सा भारी बारिश के कारण ढह गया। जिससे कि यातायात पूरी तरह से प्रभावित हो गया। कुल्लू जिला में रात से ही लगातार बारिश हो रही है जिससे कि जगह जगह पर भूस्खलन हो रहे हैं।
गौरतलब है कि शनिवार को भी नेशनल हाईवे पर एक ट्रक के पलट जाने से हाईवे बंद हो गया। जिसे बाद में वाहनों के लिए बहाल किया गया, लेकिन रविवार को दोबारा बानीगाड़ और जीभी के पास पहाड़ी से बड़ा पत्थर आ जाने के कारण यहां पर आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई। वहीं, एनएच 305 के एसडीओ टहल सिंह का कहना है कि रविवार को दोबारा से हुए लैंड स्लाइड के बाद नेशनल हाईवे पर आवाजाही ठप हो गई है। मशीनों को तैनात किया गया। मार्ग को बहाल किया जा रहा है। मौसम खराब होने की वजह से जगह-जगह पर भूस्खलन हो रहा।

नेशनल हाईवे-5 पर भी जगह-जगह भूस्खलन : चंडीगढ़-शिमला नेशनल हाईवे-5 पर जगह-जगह भूस्खलन होने से यातायात को डायवर्ट करना पड़ा है। सनवारा के पास भूस्खलन हुआ। यहां पर रेलवे फाटक के समीप पहाड़ी से पत्थर और मलबा आ जाने के कारण कुछ समय के लिए हाईवे बाधित हो गया।

हरियाणा का बहुचर्चित कॉन्स्टेबल पेपर लीक मामला

इनामी घोषित प्रदीप से आंसर-की लेने वाला हिसार का राजेंद्र भी चढ़ा हत्थे, दोनों को भेजा जेल

समर्थ संवाद, करनाल। हरियाणा के बहुचर्चित कॉन्स्टेबल भर्ती पेपर लीक होने के मामले में पुलिस को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। बीते दिन काबू आए 50 हजार के इनामी प्रदीप की निशानदेही पर पुलिस ने हिसार के राजेंद्र को भी धर-दबोचा है, जिसने प्रदीप से पेपर लिया था। इन दोनों को कोर्ट में पेश करके रिमांड ले लिया गया है, वहीं इन्हें मिलाकर अब तक पुलिस कुल 37 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।
कैथल के एसपी लोकेंद्र सिंह ने बताया कि हिसार के प्रदीप को गिरफ्तार करके व्यापक पूछताछ के लिए शनिवार को एक दिन के रिमांड पर लिया। उसकी निशानदेही पर उक्ल-2 प्रभारी ईंस्पेक्टर सोमबीर सिंह की टीम ने हिसार के शिव नगर निवासी आरोपी राजेंद्र को भी गिरफ्तार कर लिया। पता चला है कि राजेंद्र को आंसर-की प्रदीप ने ही उपलब्ध करवाई थी। राजेंद्र के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल मोबाइल फोन पुलिस ने बरामद किया है। दोनों आरोपी रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए।

ये है पूरा मामला, 88 में से 37 को किया जा चुका गिरफ्तार : बता दें कि 7 अगस्त 2021 को हरियाणरा पुलिस कॉन्स्टेबल की भर्ती के पेपर के लीक हो जाने पर कैथल की उक्ल-1 ने गौतम, संदीप और नवीन को गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक उस वक्त माता गेट पर स्विफ्ट कार में बैठे ये तीनों युवक अपने साथियों को व्हाट्सऐप पर आंसर-की भेज रहे थे। इसके बाद इस मामले की जांच में कड़ी से कड़ी जुड़ती चली गई और कुल 88 लोगों के नाम इसमें सामने आए। इनमें से पुलिस अब तक कुल 37 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। 2 को 2-2 लाख और 9 को 50-50 हजार रुपए के इनामी घोषित किया हुआ है। इन इनामी घोषित आरोपियों में से पुलिस 3 को काबू कर चुकी है।

अब तक 37 हो चुके हैं गिरफ्तार
नवीन गांव पौंद जिला कैथल, संदीप गांव खापड़ जिला जींद, गौतम गांव खापड़ जिला जींद, रमेश गांव बुआ जिला जींद, राजेश गांव किछाना जिला कैथल, अनिल गांव बुआ जिला जींद, संदीप गांव बुआ जिला जींद, संदीप गांव तरखां कलां जिला जींद, राजबीर गांव दतौली खेड़ा जिला जींद, राजेश गांव उचाना खुर्द जिला जींद, अशोक गांव उचाना कला जिला जींद, सुरेंद्र उर्फ बिट्टू गांव से सेवा जिला कैथल, नरेंद्र, हिसार, राजकुमार उर्फ राजू गांव खांडा खेड़ी जिला हिसार, अंकित गांव धमतान साहिब जिला जींद, विकास गांव धमतान साहिब जिला जींद, नसीर अहमद जिला पुलवामा जम्मू-कश्मीर, बलजीत सिंह गांव कुंभा खेड़ा जिला हिसार, अमन गांव वा दयाड़ो जिला हिसार, सुशील गांव कुचराना कलां जिला जींद, नरेश गांव सीवरी जिला कैथल, नसीब गांव ब्राह्मणी वाला जिला कैथल, मुकेश बानेसर कुरुक्षेत्र, सोनू उकलाना जिला हिसार, धर्मबीर गांव मलिकपुर जिला भिवानी, सतोश कुमार, नगर चिन्सुरा हुगली पश्चिम बंगाल,इजाज अमीन, दूद गंगा श्रीनगर, जितेंद्र कुमार, सिद्रा जम्मू-कश्मीर, दयानंद उर्फ मोती निवासी ढाणी ब्राह्मण जिला हिसार, गुड्डू निवासी आर्य नगर हिसार, नवीन, माजरा प्यौ जिला हिसार, सौरभ, निवासी भोडा होशनाक जिला फतेहाबाद, जितेन्द्र, निवासी ढाणी खुशहाल जिला भिवानी, मुजफर अहमद खान, निवासी गुल, जिला रामबन (जम्मू), वेद प्रकाश, रिटोली , जिला रोहतक, प्रदीप, सेक्टर - 13 हिसार, राजेंद्र, शिव नगर हिसार।

आईएसआई प्रमुख ने चीन के इंटेलिजेंस चीफ से मुलाकात की

समर्थ संवाद, लाहौर। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के चीफ लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद ने अफगानिस्तान की स्थिति को लेकर चीन समेत कुछ दूसरे देशों की खुफिया एजेंसी के प्रमुखों से मुलाकात की है। अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से न्यूज एजेंसी ने यह खबर दी है। पाकिस्तानी अखबार पाकिस्तान ऑब्जर्वर के मुताबिक आईएसआई चीफ ने चीन के अलावा रूस, ईरान, ताजिकिस्तान, कजाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के इंटेलिजेंस चीफ से भी मुलाकात की है। आईएसआई चीफ की इस मुलाकात की चर्चा इसलिए हो रही है, क्योंकि अफगानिस्तान में तालिबानी सरकार बनवाने में पाकिस्तान का ही हाथ माना जा रहा है। वहां सरकार के ऐलान से पहले आईएसआई चीफ ने काबुल का दौरा भी किया था और ऐसी रिपोर्ट थीं कि उनके दखल से ही तालिबानी सरकार में आतंकी संगठन हक्कानी नेटवर्क के सदस्यों को अहम पदों पर बिठाया गया था। उधर पंजशीर की लड़ाई में भी पाकिस्तान ने तालिबान का साथ दिया था।

जिंदा है अलजवाहिरी, 9/11 हमले की बरसी पर जारी किया नया वीडियो

अलकायदा के हमले की जमकर प्रशंसा की

समर्थ संवाद, बेरूत। अमेरिका में हुए आतंकी हमले की बीसवीं बरसी पर अलकायदा के सरगना अलजवाहिरी का एक नया वीडियो सामने आया है। 60 मिनट से अधिक के इस वीडियो में पिछले साल दिसंबर के बाद की घटना का जिक्र किया गया है, जिससे लोगों को विश्वास हो सके कि वह अभी मरा नहीं है। जिहादी वेबसाइट को निगरानी करने वाले 'द साइट' इंटेलीजेंस ग्रुप ने शनिवार को यह वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में अलजवाहिरी कह रहा है, "यरुशलम कभी भी यहूदियों का नहीं होगा।'

वीडियो में अलकायदा के हमले की प्रशंसा : वीडियो में वह अलकायदा के उस हमले की प्रशंसा कर रहा है, जिसमें इसी साल जनवरी में सीरिया में रूसी सैनिकों पर हमला किया गया था। इस वीडियो को जारी करने वाली साइट ने कहा है कि वीडियो में अलजवाहिरी ने अमेरिकी सेना की अफगानिस्तान से वापसी का जिक्र किया है, लेकिन उसकी इस टिप्पणी से नई रिकार्डिंग होने का कोई संकेत नहीं मिलता है, क्योंकि अमेरिकी

सेना की वापसी के लिए फरवरी 2020 में तालिबान से समझौता हुआ था। इस वीडियो में अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे का कोई जिक्र नहीं है।

वीडियो अलकायदा के अल-साहब मीडिया फाउंडेशन ने जारी किया : ज्ञात हो कि 2020 के अंत से ही अलकायदा प्रमुख अलजवाहिरी के बीमारी से मरने की अफवाह उड़ रही है। उस समय से अब तक कोई नया वीडियो भी सामने नहीं आया था। इस वीडियो को खोजने वाली साइट की डायरेक्टर रीटा काट्ज ने ट्वीट कर कहा है कि वह अभी भी मरा हुआ हो सकता है। यदि ऐसा है तो उसके मरने का समय जनवरी 2021 के आसपास का रहा होगा। यह वीडियो अलकायदा के अल-साहब मीडिया फाउंडेशन ने जारी किया है और 61 मिनट 37 सेकंड का है। ओसामा बिन लादेन के मारे जाने के बाद अलजवाहिरी अलकायदा का सरगना घोषित हुआ था। उसके मरने की पुष्टि अभी किसी भी खुफिया एजेंसी के द्वारा नहीं की गई है।

चीनी मीडिया ने फिर 9/11 जैसे हमले की दी चेतावनी : एएनआइ के अनुसार चीन के सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स के संपादक हू जिजिन ने कहा है कि अमेरिका में 9/11 जैसा हमला फिर हो सकता है। हू जिजिन ने कहा है कि अमेरिका पर आत्मघाती हमला किया गया था, लेकिन यह आतंकवाद का आत्मघाती हमला नहीं था यानी अभी आतंकवाद समाप्त नहीं हुआ है।

कृति सेनन ने खरीदी मर्सिडीज मेबेक

लॉकडाउन खुलने के साथ ही बॉलीवुड में भी शूटिंग और फिल्म रिलीज का सिलसिला शुरू हो गया है। साथ ही दिखने लगा है स्टार्स का क्रेज भी। मौजूदा सीजन में तो स्टार्स पर लग्जरी कारों का क्रेज दिखाई दे रहा है। हाल ही में एक्ट्रेस कृति सेनन ने लग्जरी मर्सिडीज मेबेक GLS 600 खरीद है। इस कार की कीमत 2.43 करोड़ है। कृति इसी कार में शुक्रवार को फिल्म मेकर दिनेश विजान के मैडोक फिल्म्स हाउस जाती हुई नजर आईं। कुछ दिन पहले ही एक्टर अर्जुन कपूर ने यही लग्जरी खरीदी थी। अर्जुन ने कार खरीदने और वाशी रिसीव करने की फोटो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की थी, जिसे फैंस ने काफी लाइक भी किया था। कृति और अर्जुन से पहले रनवीर सिंह और आयुष्मान खुराना भी जुलाई में यही कार खरीद चुके हैं।

मुनमुन दत्ता ने राज अनादकट के साथ डेटिंग की अफवाहों को किया खारिज

एक्ट्रेस मुनमुन दत्ता ने उन रिपोर्टों पर अपनी चुप्पी तोड़ी, जिसमें दावा किया गया था कि वो अपने तारक मेहता का उल्टा चश्मा के को-स्टार राज अनादकट को डेट कर रही हैं। सोशल मीडिया के जरिए, मुनमुन ने इन अफवाहों पर निशाना साधा और ट्रोलर्स को भी फटकार लगाई, जो उनके पोस्ट के कमेंट सेक्शन में 'गंदगी' फैला रहे हैं।

मुनमुन दत्ता अपने पोस्ट में लिखती हैं, मीडिया और जीरो क्रेडिबिलिटी वाले जर्नलिस्ट। आपको इस तरह की काल्पनिक बातें किसी की प्राइवेट लाइफ के बारे में छापने की आजादी किसने दी है और वो भी उनकी मर्जी के बिना? आपके इस खराब बरताव से सामने वाली की इमेज को जो नुकसान पहुंचता है, क्या आप उसके लिए रेस्पांसिबल होंगे? आप टीआरपी के लिए उस औरत तक को नहीं छोड़ते जिसने कुछ समय पहले अपना प्यार खोया या अपना बेटा खोया है। आप किसी की गरिमा की कीमत पर सेंसेशनल खबरें बनाने के लिए किसी भी स्तर तक गिर सकते हैं, लेकिन क्या आप उनकी लाइफ को बरबाद करने की जिम्मेदारी ले सकते हैं?? अगर नहीं, तो आपको खुद पर शर्म आनी चाहिए।

अफगान एयरफोर्स के उज्बेकिस्तान भागे पायलट भेजे जाएंगे दोहा, तालिबान से डरे हुए हैं ये जवान

समर्थ संवाद, ताशकंद। अफगान एयर फोर्स के उज्बेकिस्तान भागने वाले पायलट अब दोहा में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर भेजे जाएंगे। वाल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार उज्बेकिस्तान में शरण लिए हुए ये पायलट तालिबान से डरे हुए हैं और अपने को असुरक्षित मान रहे हैं। इनको डर है कि तालिबान के प्रभाव में उनके साथ कुछ भी हो सकता है। अब इन सभी पायलट को कतर की राजधानी दोहा स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर भेजा जा रहा है। अभी यह पता नहीं चला है कि क्या इनको अमेरिका ले जाया जाएगा।

उज्बेकिस्तान के कब्जे में हैं 46 विमान : ज्ञात हो कि काबुल में तालिबान के कब्जे से पहले ही 46 अफगान उज्बेकिस्तान पहुंच गए थे। ये विमान अभी उज्बेकिस्तान के कब्जे में ही हैं। इधर तालिबान के प्रवक्ता सुहैल शाहीन ने इन पायलट से वापस लौटने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि देश को उनकी जरूरत है।

नार्दर्न अलायंस नेता अहमद मसूद ने नहीं छोड़ा है अफगानिस्तान

समर्थ संवाद, पंजशीर। पंजशीर में तालिबान से मोर्चा लेने वाले नार्दर्न अलायंस के नेता अहमद मसूद ने अफगानिस्तान नहीं छोड़ा है। उनके तुर्की या अन्य देश भागने की खबर सही नहीं है। यह जानकारी ईरानी समाचार एजेंसी एफएआरएस ने अपने सूत्रों के माध्यम से दी है। उक्त समाचार एजेंसी के अनुसार अहमद मसूद सुरक्षित स्थान पर है और उनका पंजशीर से बराबर संपर्क बना हुआ है।

पंजशीर पर नहीं हुआ पूरा कब्जा

पंजशीर की पूरी घाटी पर अभी तालिबान का कब्जा नहीं हुआ है, लेकिन यहां की 70 फीसद सड़कों पर इनका नियंत्रण हो गया है। तालिबान ने पूरे पंजशीर पर कब्जा होने का दावा किया है। नार्दन अलायंस नेताओं ने इस दावे को गलत बताया है। साथ ही कहा है कि उनके लड़ाके लड़ाई जारी रखने के लिए घाटी में ही हैं।

गाजा पट्टी में हमास के ठिकानों पर की ताबड़तोड़ एयरस्ट्राइक

इजरायल ने इस्लामिक हमास मूवमेंट के आतंकियों के राकेट हमलों का दिया करारा जवाब

इजरायली लड़ाकू विमानों ने सैन्य चौकियों और कैंपों को बनाया निशाना

समर्थ संवाद, तेल अवीव। इजरायल ने इस्लामिक हमास मूवमेंट के आतंकियों के राकेट हमलों का करारा जवाब दिया है। समाचार एजेंसी आइएएनएस की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायली लड़ाकू विमानों ने रविवार को गाजा पट्टी में इस्लामिक हमास मूवमेंट के ठिकानों पर जोरदार एयरस्ट्राइक की। सूत्रों ने बताया कि इजरायली लड़ाकू विमानों ने लगातार दूसरे दिन मध्य और दक्षिणी गाजा पट्टी में हमास की सैन्य चौकियों और कैंपों को निशाना बनाया।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इजरायली एयर फोर्स ने हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलों के जरिए इन हमलों को अंजाम दिया। दरअसल शुक्रवार और शनिवार को हमास के आतंकियों ने गाजा पट्टी से इजरायल पर दो रॉकेट दागे थे। इसके बाद हमास की ओर से संचालित अल-अक्सा टेलीविजन ने कहा कि प्रत्यक्षदर्शियों ने इजरायली सेना के लड़ाकू जेट विमानों और ड्रोन की आवाज सुनी।

इजरायली मीडिया के मुताबिक, शुक्रवार और शनिवार को अज्ञात आतंकवादियों ने गाजा पट्टी से इजरायल की ओर दो रॉकेट दागे। हाल ही में इजरायली सेना ने कहा था कि उसके लड़ाकू विमानों ने गाजा पट्टी में आतंकियों के हथियारों के जखीरे पर हमला किया। फिलहाल इजरायल की इस सैन्य कार्रवाई में कितने लोग मारे गए हैं या घायल हुए हैं इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

पिछले महीने भी फलस्तीनी प्रदर्शनकारियों और इजरायली सैनिकों के बीच सीमा के पास हिंसक झड़प होने के कुछ ही घंटों बाद इजरायल ने गाजा पट्टी में हमास के ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। समाचार एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायली सेना ने अपने बयान में बताया था कि दक्षिणी इजरायल में आग लगाने वाले गुब्बारों को भेजने और हिंसक विरोध प्रदर्शनों के जवाब में विमानों ने हमास के आतंकी ठिकानों पर उक्त कार्रवाई की थी।

अल्जाइमर की रोकथाम की दिशा में सामने आई एक अहम जानकारी

आक्सीजन थेरेपी से अल्जाइमर की गंभीरता पर लग सकता है ब्रेक

समर्थ संवाद, तेल अवीव। अल्जाइमर की रोकथाम की दिशा में एक अहम जानकारी सामने आई है। इजरायल की तेल अवीव यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने दर्शाया है कि अल्जाइमर रोग के लक्षण के रूप में मस्तिष्क में उभरने वाली एक खास परत के निर्माण को आक्सीजन थेरेपी से रोका जा सकता है।

विज्ञानियों ने अपने प्रयोग में पाया है कि यदि शुद्ध आक्सीजन को एक चैंबर के जरिये दबाव के साथ सांस के जरिये लिया जाए तो इससे दिमाग के फंक्शन में तेजी आती है। टाइम्स आफ इजरायल की एक रिपोर्ट के अनुसार, पशुओं में पाया गया है कि आक्सीजन थेरेपी प्लैक (परत) निर्माण को रोकने में मददगार साबित होती है।

शोध के मुख्य लेखक प्रोफेसर उरी ऐशरी ने कहा, मैं यह तो नहीं मानता कि यह अल्जाइमर का निदान हो सकता है, लेकिन रोग की गंभीरता को बहुत हद तक धीमा करने में सक्षम है। इस दिशा में अभी और शोध किए जाने की जरूरत है, लेकिन संभव है कि कुछेक वर्षों में ही लोगों को इस थेरेपी से लाभ मिलना शुरू हो जाए।

प्रयोग में आनुवंशिक रूप से संशोधित 15 जीन के प्रतिरूप को शामिल किया गया : प्रयोग के दौरान अल्जाइमर रोग में तंत्रिका को होने वाले नुकसान सरीखे आनुवंशिक रूप से संशोधित 15 जीन के प्रतिरूप को शामिल किया गया। इन पर आक्सीजन थेरेपी से पाया गया कि मस्तिष्क में ऐमिलाइड के निर्माण पर रोकथाम तो लगती है और इसके साथ ही पहले से मौजूद ऐमिलाइड की परत को भी हटाता है। ऐमिलाइड एक प्रकार का नहीं घुलने वाला प्रोटीन होता है और माना जाता है कि यह अल्जाइमर रोग में तंत्रिकाओं को होने वाले नुकसान की गंभीरता को बढ़ाता है।

ऐशरी ने बताया कि उनके पास उसी प्रकार के एक कंट्रोल ग्रुप वाले चूहे भी थे, जिन्हें आक्सीजन थेरेपी नहीं दी और उनमें कहीं ज्यादा ऐमिलाइड की परत पाई गई है।

ईरान ने आइएईए को परमाणु निगरानी कैमरों की अनुमति दी

समर्थ संवाद, तेहरान। ईरान ने अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की निगरानी के दौरान संवेदनशील अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों को निगरानी कैमरों में नया मेमोरी कार्ड लगाने की इजाजत दे दी है। साथ ही परमाणु सौदे की बहाली के संबंध में बातचीत के बाद वहां फिल्मांकन करने की भी अनुमति दी गई है। संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आइईओआइए) के प्रमुख राफेल ग्रोसी ने बताया कि ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन (एईओआइए) मुहम्मद इस्लामी ने अपनी रजामंदी दे दी है। आइईओआइए के प्रमुख ग्रोसी ने बताया कि उनके संस्थान के पर्यवेक्षकों को चिन्हित उपकरणों की सेवाएं लेने और उसमें स्टोरेज डाटा बदलने को अनुमति मिल गई है। इस प्रक्रिया का पालन आइईओआइए और एईओआइए की संयुक्त निगरानी में होगा।

ग्रोसी ने इस हफ्ते सदस्य देशों को बताया कि दो केंद्रीय मुद्दों पर कोई प्रगति नहीं हुई है। कुछ पुराने ठिकानों पर यूरेनियम के कुछ निशान मिलने के सुबूत मिले हैं। अघोषित ठिकानों पर तत्काल निगरानी की जरूरत है। वर्ष 2015 के परमाणु सौदे को बहाल करने से पहले निगरानी प्रक्रिया के नतीजे देखे जाएंगे।

टीका नहीं लगवाने वालों के लिए ज्यादा घातक हो सकता है कोरोना, 11 गुना अधिक हो सकता है मौत का खतरा

कोरोना वायरस केस लोड अब 223.7 मिलियन से ऊपर, अस्पताल में भर्ती करने का जोखिम दस गुना ज्यादा

समर्थ संवाद, वाशिंगटन। कोरोना वायरस (कोविड-19) से मुकाबले में वैक्सीन कारगर पाई जा रही हैं। वैक्सीन लगने से न सिर्फ गंभीर संक्रमण बल्कि मौत का खतरा भी काफी हद तक कम हो जाता है। यह बात कई अध्ययनों में सामने आ चुकी है। अब अमेरिकी स्वास्थ्य एजेंसी सेंटर्स फार डिजीज कंट्रोल एंडो प्रीवेंशन (सीडीसी) ने तीन अध्ययनों के नतीजों को जारी कर कोरोना के खिलाफ टीका लगवाने पर जोर दिया है।

इन अध्ययनों के अनुसार, टीका नहीं लगवाने वालों के लिए कोरोना संक्रमण ज्यादा घातक हो सकता है। ऐसे लोगों में मौत का खतरा 11 गुना ज्यादा हो सकता है तो तीनों अध्ययन अमेरिका में किए गए। इन अध्ययनों में गत अप्रैल से जुलाई के दौरान 13 अमेरिकी प्रांतों में कोरोना के 60 हजार से ज्यादा मामलों पर गौर किया गया। उन लोगों पर खासतौर पर ध्यान दिया गया, जिनका टीकाकरण पूरा नहीं हुआ था। वैक्सीन लगवाने वाले लोगों की तुलना में टीका नहीं लगवाने वालों में कोरोना संक्रमण का खतरा साढ़े चार गुना

अधिक पाया गया।

ऐसे कोरोना पीड़ितों को अस्पताल में भर्ती करने का जोखिम दस गुना ज्यादा पाया गया। जबकि मौत का खतरा 11 गुना अधिक पाया गया। कोरोना के डेल्टा वैरिएंट के कहर के बावजूद वैक्सीन काफी प्रभावी पाई गई हैं। वैक्सीन लगने से 65 वर्ष से ज्यादा उम्र वाले लोगों को अस्पताल में भर्ती करने का खतरा 80 फीसद तक कम पाया गया। जबकि 18 से 64 वर्ष के उम्र वालों में यह खतरा 95 फीसद तक कम मिला। सीडीसी की निदेशक रोशेल वालेंस्की ने शुक्रवार को कहा, 'एक के बाद अध्ययनों से हमने साबित किया है कि वैक्सीन काम कर रही हैं।' कोरोना महामारी के प्रसार के बावजूद दुनिया के तमाम देश अब प्रतिबंधों में ढील देने लगे हैं। इसके चलते कोरोना के मरीजों में बढ़ोतरी हो रही है। जान्स हापकिन्स यूनिवर्सिटी के अनुसार, वैश्विक कोरोना वायरस केस लोड अब 223.7 मिलियन से ऊपर पहुंच चुका है, जबकि मौतें 4.61 मिलियन से अधिक हो चुकी हैं। अब तक दुनिया में टीकाकरण 5.64 बिलियन से अधिक हो गया है।

तालिबान से मिल रही थी जान से मारने की धमकी, अफगानिस्तान की महिला बॉक्सर को छोड़ना पड़ा देश

समर्थ संवाद, अफगानिस्तान। अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद दर्द भरी कई कहानियां सामने आ रही हैं। अब अफगानिस्तान की महिला बॉक्सर सीमा रेजाई का मामला सामने आया है, जिन्हें अपना पैशन फॉलो करने के लिए देश छोड़ना पड़ा। वे अफगानिस्तान में लाइटवेट बॉक्सिंग चैंपियन रह चुकी हैं। तालिबान ने उन्हें अफगानिस्तान छोड़ने या मरने के लिए तैयार रहने की धमकी दी थी। स्पुतनिक को दिए इंटरव्यू में सीमा ने बताया कि तालिबान की धमकी मिलने के बाद परिवार ने भी उनका सपोर्ट करना छोड़ दिया था। सभी डरे हुए थे, इसलिए उन्होंने देश छोड़ने का फैसला किया।

तालिबान ने जब काबुल पर कब्जा किया, तब सीमा कोच के साथ बॉक्सिंग की ट्रेनिंग कर रही थीं। महिला खिलाड़ी को पुरुष कोच ट्रेनिंग दे रहे थे, इसलिए तालिबान ने उनके घर धमकी भरे खत भेजने शुरू कर दिए। खत में उन्होंने लिखा कि अफगानिस्तान में रहना है तो बॉक्सिंग छोड़नी होगी या मरना होगा। सीमा ने बताया कि वे फ्लाइट में सवार होकर कतर चली गईं। अब इंतजार कर रही हैं कि अमेरिका उन्हें बीजा देकर अपने यहां बुला ले। वे 16 साल की उम्र से बॉक्सिंग कर रही हैं।